3.3.3.1

प्रसार भारती
PRASAR BHARATI
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
(INDIA'S PUBLIC SERVICE BROADCASTER)
दूरदर्शन केन्द्र भोपाल(म.प्र.) 462013
DOORDARSHAN KENDRA : BHOPAL (M.P.) 462013
Ph. No. : 0755-2660222, Fax No. : 0755-2661553, E_mail : ddkbpl@gmail.com

भोपाल / डी.डी.के / बी पी एल / का.प्र. / 2019

दिनांक: 22 / 02 / 2019

## मिनिटस्

आज दिनांक 22 फरवरी 2019 को अधोहस्ताक्षरकर्ता के कक्ष में मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा 01 मार्च 2019 से शिक्षा पर आधारित इन हाउस प्रायोजित कार्यक्रम के प्रसारण के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अधोहस्ताक्षरकर्ता के अलावा भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति श्री जयंत सोनवलकर, श्री एल.पी. झारिया, निदेशक, भोज मुक्त विश्वविद्यालय, श्रीमती पूजा सिंह, प्रोग्रामर, भोज मुक्त विश्वविद्यालय, श्री अमित त्यागी, कार्यक्रम अधिशासी (वाणिज्य) एवं आशीष खरे, कार्यक्रम अधिशासी (समन्वय) उपस्थित थे।

मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश का एक मात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जो पूरे प्रदेश में 256 शिक्षा केन्द्रों एवं 11 क्षेत्रीय केन्द्रों के माध्यम से स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। प्रदेश में संचालित इन केन्द्रों के माध्यम से प्रदेश के विज्ञान विषय के 45450, कला विषय के 74,765 एवं वाणिज्य विषय के 2032 सहित कुल 1.40 लाख विद्यार्थियों को स्नातक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया जा रहा है। 1.40 लाख में से 72 प्रतिशत विद्यार्थी आदिवासी / ग्रामीण वर्ग के हैं। भोज मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा चालये जा रहे पाठ्यक्रम की महत्वपूर्ण विशेषता है कि पूरे प्रदेश में उपरोक्त तीनो विषयों के एक समान पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।

दूरदर्शन मध्यप्रदेश द्वारा 01 मार्च 2019 से लागू किया जाने वाले FPC में मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षा आधारित कार्यक्रम के प्रसारण हेतु सोमवार से शनिवार को रात्रि 09:00 बजे से 10:00 बजे का समय उपलब्ध कराया गया था। आज की बैठक में विद्यार्थी के हित एवं परीक्षा की तारीख नजदीक होने के ध्यान में रखते हुए कला विषय के साथ–साथ विज्ञान विषय पर पृथक–पृथक कार्यक्रम बनाकर प्रसारित करने का निर्णय लिया गया।

उपरोक्त प्रस्ताव पर यह सहमति बनी की प्रति सोमवार से शनिवार सायं 08:00 से 09:00 का समय विज्ञान विषय पर आधारित एवं रात्रि 09:00 बजे से 10:00 बजे का समय कला विषय पर आधारित कार्यक्रमों का प्रसारण किया जायेगा।

रिकॉर्डिंग

1. विज्ञान विषय पर शिक्षा आधारित कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग माह के प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को प्रथम चक में की जायेगी। प्रत्येक चक में 50 मिनट अवधि के दो एपिसोड अनिवार्य रूप से तैयार किये जायेंगे।
2. कला विषय पर आधारित विषय पर रिकॉर्डिंग माह के प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को द्वितीय चक में की जायेगी। प्रत्येक चक में 50 मिनट अवधि के कम से कम दो एपिसोड तैयार किये जायेंगे।

प्रस्तुतकर्ता

विज्ञान विषय पर आधारित कार्यक्रम के प्रस्तुतिकरण का दायित्व श्री मोहन द्विवेदी, कार्यक्रम अधिशासी एवं कला विषय से संबंधित कार्यक्रम की प्रस्तुतिकरण का दायित्व श्री मानेन्द्र सिंह परिहार, कार्यक्रम अधिशासी द्वारा पूर्ण किया जायेगा।

कुलसचिव
म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
राजाभोज मार्ग (कोलार रोड)
भोपाल

कुलपति
म.प्र. भोज (मुक्त) वि
राजाभोज मार्ग (कोलार रोड)

कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार

भोज मुक्त विश्वविद्यालय शिक्षा पर आधारित [illegible] कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए दिनांक 26 एवं 27 फरवरी 2019 को दैनिक भास्कर, [illegible] दुनिया एवं पत्रिका के समस्त संस्करणों में विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा। इसके अलावा इसका प्रचार–प्रसार PTI एवं UNI के माध्यम से भी पूरे देश एवं प्रदेश में किया जायेगा। विज्ञापन के प्रकाशन पर आने वाले समस्त व्यय भोज मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा वहन किये जायेंगे।

विषय और विशेषज्ञ की उपलब्धता

प्रत्येक कार्यक्रम का विषय और विशेषज्ञों की सेवायें भोज मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। जिसके एवज में आने वाले विशेषज्ञ एवं प्रतिभागियों का दूरदर्शन भोपाल द्वारा किसी भी प्रकार के पारिश्रमिक का भुगतान नही किया जायेगा। साथ ही रिकॉर्डिंग में लगने स्टडी मटेरियल एवं अन्य सामग्रियों के लिए भी दूरदर्शन द्वारा किसी भी प्रकार का भुगतान नही किया जायेगा।

राजस्व अर्जन

इन कार्यक्रमों का प्रसारण इन हाउस स्पांसरशिप के तहत किया जायेगा। इन हाउस स्पांसरशिप के अंतर्गत नियमानुसार प्राप्त किए जाने वाले प्रसारण शुल्क का भुगतान भोज मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा दूरदर्शन भोपाल को किया जायेगा। नियमानुसार भोज मुक्त विश्वविद्यालय को FCT उपलब्ध कराई जायेगी।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत

इस कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत दिनांक 01 मार्च 2019 को सायं 07:30 बजे दूरदर्शन स्टूडियो में आयोजित सजीव कार्यक्रम के माध्यम से की जायेगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश की महामहिम राजपाल, माननीय मुख्यमंत्री जी एवं माननीय शिक्षा मंत्री की उपस्थिति सम्भव है।

22/2/19

(डॉ. संजय कुमार)
कार्यक्रम प्रमुख

प्रति–

01. श्री पी.के. सुभाष, अपर महानिदेशक, (मध्यक्षेत्र) दूरदर्शन महानिदेशालय (मेल से)।
02. केन्द्र प्रमुख, दूरदर्शन केन्द्र भोपाल को सादर सूचनार्थ
03. श्री जयंत सोनवलकर, कुलपति, भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल
04. श्री एल.पी. झारिया, निदेशक, भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल
05. श्रीमती पूजा सिंह, प्रोग्रामर, भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल
06. श्री अमित त्यागी, कार्यक्रम अधिशासी (वाणिज्य)
07. श्री आशीष खरे, कार्यक्रम अधिशासी (समन्वय)
08. श्री मानेन्द्र सिंह परिहार, कार्यक्रम अधिशासी (समन्वय)
09. श्री मोहन द्विवेदी, कार्यक्रम अधिशासी (समन्वय)

कुलसचिव
म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
राजाभोज मार्ग (कोलार रोड)
भोपाल